# 13643 - परीक्षा रमज़ान के महीने में रोज़ा तोड़ने को वैध नहीं करता

## प्रश्न

मुझे रमज़ान में लगातार साढ़े छह घंटे परीक्षा देनी है, जिसके बीच में केवल 45 मिनट के लिए विश्राम का अवकाश होगा। मैंने पिछले साल भी यही परीक्षा दी थी, लेकिन रोज़े के कारण मैं उस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सका।

क्या मेरे लिए परीक्षा के दिन रोज़ा तोड़ना जायज़ है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आपने जिस कारण का उल्लेख किया है, उसके लिए रोज़ा तोड़ना जायज़ नहीं है, बल्कि ऐसा करना हराम है। क्योंकि यह उन कारणों में शामिल नहीं है जो रमज़ान के महीने में रोज़ा तोड़ना अनुमेय कर देते हैं।

“फतावा अल-लजनह अद-दाइमह” (10/240) से उद्धरण समाप्त हुआ।

आपको ज्ञात होना चाहिए कि रमज़ान का रोज़ा हर मुकल्लफ़ (शरई अहकाम के लिए बाध्य) मुसलमान पर फ़र्ज़ है। तथा रोज़ा के समय में रोज़ा रखने से केवल वहीं लोग मुक्ति पा सकते हैं, जो ऐसे उज़्र (बहाने) वाले हैं जिन्हें रोज़ा तोड़ने की छूट दी गई है, जैसे कि बीमार, यात्री, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिला, वयोवृद्ध और रोज़ा तोड़ने पर मजबूर किया गया व्यक्ति।